City भास्कर

जयपुर, सोमवार, 13 मार्च, 2023

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन, मैनेजमेंट गुरु [raghu@dbcorp.in]

# आप बच्चों को स्ट्रॉन्ग बनाना चाहते हैं या स्ट्रॉन्गर?

इस शनिवार को मैं तुर्की के अंतालिया में भीड़-भाड़ भरे पुराने बाजार की गलियों में खरीदारी कर रहा था। यह मशहूर खाऊ गली है, जहां वाहनों का प्रवेश वर्जित है पर वह गली चार मुख्य सड़कों को काटती है। इसलिए वहां एक से दूसरे रेस्तरां में भोजन के लिए जाते लोगों के सुरक्षित चलने के लिए चार पैदल यात्री संकेत लगे हैं। पूरे तुर्की में कार मालिकों को इन पैदल यात्री संकेतों को सख्ती से मानना होता है और वो इसलिए नहीं कि आप और मुझ जैसे लोग सड़क पार करते हैं, बल्कि ढेर सारे आवारा पशु भी वो सिग्नल्स पार करते हैं। यह देखने वाली जगह है कि पशु हमारे सिग्नल सिस्टम का सम्मान कर रहे हैं।

इन चार जंक्शन में से एक पर मैं खड़ा था और लाल संकेत के हरे होने में 40 सेकंड का वक्त था। अचानक से मेरे पैर के नीचे से कुछ निकला और मुझे बाईं ओर हल्का-सा धक्का दिया ताकि मेरे बगल में खड़ा हो सके। मेरी दाहिनी ओर खड़ा तुर्किश आदमी मुस्कराते हुए थोड़ा और दाएं खिसक गया ताकि उस मोटी स्ट्रे कैट को अतिरिक्त जगह मिल सके। उसने कहा, 'जैक तुम फिर यहां हो', मानो वे एक-दूसरे को जानते हों। अपना नाम सुनकर बिल्ली ने सिर उठाया, पर अचानक सिग्नल पर ध्यान लगाया मानो वह उसकी घड़ी पर नंबर पढ़ सकती हो। सिग्नल पर अभी भी 16 सेकंड बाकी थे। पहली कतार में एक और बिल्ली आ गई। वह भी पैदल यात्री सिग्नल के हरे होने का इंतजार करने लगी। मुझे जिस चीज ने चकित किया वो ये कि दोनों ही पहले सिग्नल पार करना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने लाइन तोड़ दी लेकिन सड़क पर एक इंच भी आगे नहीं बढ़ीं। ज्यों ही सिग्नल हरा हुआ, उन्होंने तभी आगे बढ़ना शुरू किया जब बाकी सभी लोग आगे बढ़ने लगे। अगर मेरे सामने से किसी ने तस्वीर खींची होती तो दिखता कि सड़क पार कर रही पहली कतार में तीन इंसान और दो बिल्लियां थीं! उन दोनों बिल्लियों ने ये पक्का किया कि वे दो इंसानों के बीच सुरक्षित चलें। जैसे हम हमारे यहां बुजुर्गों या दिव्यांग लोगों की सड़क पार कराने में मदद करते हैं, वैसे ही वहां के स्थानीय रहवासी हमेशा इन पशुओं की मदद करते हैं।

जब मैं यह देखने के लिए पीछे मुड़ा कि कितने और पशु ऐसे जंक्शन से गुजरते हैं, तो रास्ते के एक रेस्तरां मालिक ने मुझे एक कुर्सी देते हुए बैठने के लिए कहा और बोला कि इन मजेदार पशुओं को देखें, जो एक रेस्तरां से दूसरे रेस्तरां जाते रहते हैं क्योंकि यहां के लोकल लोग उन्हें खिलाते रहते हैं और उन्हें उनके खाने का समय भी पता है। कोई ताज्जुब नहीं कि इस देश के सारे कुत्ते-बिल्ली मोटे हैं, जबकि इंसान फिट हैं क्योंकि इंसानों को ज्यादा पैदल चलना होता है जबकि जानवरों को मुफ्त में खाने मिलता है। स्ट्रे कैट तुर्की में लोगों की प्रिय जानवर हैं जहां वे सड़कों पर आजादी से घूमती हैं। वे हमारी ही तरह ट्रेन में चढ़ती हैं और एक जगह से दूसरी जगह जाती हैं। स्थानीय लोग दिल से उनकी मदद करते हैं और कई जगहों पर बिल्लियां शुभांकर हैं।


उदाहरण के लिए बोजी नाम का स्ट्रे डॉग लोकल ट्राम में आता-जाता है और इस्तांबुल की म्यूनिसिपैलिटी में पे-रोल पर है। ठीक ऐसे ही उड़कुकू (स्लीपीहैड) नाम की बिल्ली कराओलु स्कूल में प्राइमरी कक्षा की टेबल पर बैठती है और रुचि से क्लास में जाती है। बस वह अपने साथ स्कूल बैग नहीं लाती और होमवर्क नहीं करती। विद्यार्थी स्लीपीहैड को नियमित तौर पर खिलाते हैं। यह देखभाल ही है जो बच्चों को न केवल मजबूत बनाती है! ताज्जुब कर रहे हैं कैसे? यहां जवाब है।

**फंडा यह है कि** स्ट्रॉन्ग यानी मजबूत लोग अपने लिए खड़े होते हैं, जबकि ज्यादा मजबूत यानी स्ट्रॉन्गर लोग दूसरों के लिए खड़े होते हैं। भाई-बहनों की या पशुओं की देखभाल के जरिए बच्चों में यह गुण डालें।

**लंदन की धरा पर गणगौर | राजस्थानी प्रवासी महिलाओं ने मनाया उत्सव, 100 से ज्यादा लोग हुए शामिल**

# लंदन में हुआ गणगौर उत्सव, राजस्थानी लोकगीतों पर घूमर के साथ जयपुरी व्यंजनों का लिया स्वाद

सिटी रिपोर्टर | जयपुर



ईंग्लैंड के हैरो किंग्सबरी स्कूल मैदान में राजस्थानी परम्परा ही नहीं 'गौर गौर गोमती, ईसर पूजे पार्वती, पार्वती के आला तीला, सोने का टीला' जैसे गीतों के साथ गणगौर उत्सव मनाया। राजस्थानी महिलाएं और पुरुष ही नहीं विदेशियों ने भी इसमें भाग लिया, और इस परंपरा का आनन्द उठाया। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ यूनाइटेड किंगडम (आरएयूके) द्वारा 2018 से आयोजित किया जाने वाला इस उत्सव ने पूरे ब्रिटेन में रहने वाले राजस्थानी समुदाय के लिए एक सांस्कृतिक सेतु का काम किया है। आरए यूके के ट्रस्टी कुलदीप सिंह शेखावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के बाहर सबसे बड़ी गंवर -ईशर सवारी इंग्लैंड के हैरो में किंग्सबरी स्कूल मैदान में पारंपरिक लोक गीतों की धुन के साथ आयोजित की गई। डॉ. अंजलि शर्मा और रेनू जोशी की अगुवाई मे लंदन में गणगौर उत्सव राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं के साथ ढोल नगाड़ो की धूम से शुरू हुआ।

### मेहमानों को परोसे कढ़ी-पकोड़ा, लापसी

पूरे ब्रिटेन की राजस्थानी महिलाओं ने गणगौर उत्सव में बढ़ चढ़कर उत्साह से हिस्सा लिया। इस उत्सव में महिलाओं के नेतृत्व वाले महा घूमर का आयोजन भी किया गया। गणगौर उत्सव का एक प्रमुख आकर्षण राजस्थानी व्यंजन रहे, आगंतुकों को राजस्थानी कढ़ी, पकोड़ा, लापसी, पूरी, दाल, चावल, लहसुन की चटनी और पापड़ जैसे स्वादिष्ट जयपुर के व्यंजन परोसे गया।

### राजस्थानी भाषा में मना सांस्कृतिक उत्सव

उत्सव ने प्रवासियों को राजस्थानी संस्कृति और विरासत से जोड़ा। इस त्योहार के दौरान बच्चों को नए राजस्थानी वाक्य और कहावतें सीखने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम सिर्फ राजस्थानी भाषा में हुए। उत्सव ने राजस्थानी भाषाओं को समृद्ध बनाने के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और विरासत के प्रति लोगों में संबद्धता बढ़ाई। सामूहिक रूप से 100 से ज्यादा महिलाओं ने गंवर-ईशर की आराधना की।

## फैशन डिजाइनिंग, अंगदान और कला के क्षेत्र की 17 महिलाओं को दिया अवॉर्ड

**'महिला सुरक्षाः चुनौतियां और आगे का रास्ता' विषय पर चर्चा**






**सिटी रिपोर्टर** | संयुक्त राष्ट्र संबंधों के लिए भारतीय परिषद ने पुरस्कार समारोह के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। सेशन में पैनल डिस्कशन भी रखा गया। समथिंग क्रिएटिव, ले मैग्नीफिक ग्रुप, हाइट्स फैशन इंस्टीट्यूट, एडब्ल्यूपीईएम और होटल फेयर मोंट के सहयोग से कार्यक्रम हुआ। जिसमें डीसीपी सुनीता मीणा ने 'महिला सुरक्षाः चुनौतियां और आगे का रास्ता' विषय पर चर्चा की, जिसका संचालन नैनी जैन ने किया। महिलाओं की सुरक्षा और उसके सामने आने वाली चुनौतियों को सुनिश्चित करने के लिए नागरिक समाज और सरकारी एजेंसियों के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर चर्चा की गई। वहीं फैशन डिजाइनिंग, अंगदान, कला, मीडिया आदि सेक्टर्स से 17 महिलाओं को अवॉर्ड दिया गया। इस मौके पर सामाजिक सक्रियता के लिए डॉ. अनामिका शर्मा, फैशन डिजाइनिंग के लिए अंजलि गुप्ता, अंगदान के लिए भावना जगवानी, कानून के लिए चंचल गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया।

## 26 डिजाइनर्स ने डिस्प्ले किया अपना खास कलेक्शन

**सिटी रिपोर्टर**| देशभर से आए 26 फैशन डिजाइनर्स के एक्सक्लूसिव कलेक्शन की झलक देखने को मिली। मौका था होटल द पैलेस में जयपुर कॉट्योर शो 2023 के पहले दिन आयोजित हुई प्री पार्टी और फर्स्ट इवेंट ग्लिम्पस कार्यक्रम का। जहां सुपरमॉडल्स, एलीट मिस राजस्थान विनर्स, मॉडल्स और इन्फ्लुएंसर्स का जमावड़ा देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीईओ एंड एडिटर इन चीफ भारत 24 और सीएमडी फर्स्ट इंडिया न्यूज़ जगदीश चंद्र ने शिरकत की। सोमवार और मंगलवार को फैशन शो का आरंभ होगा। दूसरे दिन बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे, जोया अफरोज, लिज़ा मलिक, अनिरुद्ध दवे, बिग बॉस फेम टीना दत्ता, एक्ट्रेस सोनी सिंह, आकाश चौधरी शोस्टॉपर के तौर पर रैंप पर मौजूद होंगे।

## बच्चों ने परी कथाओं को फाइंडिंग डोरी, कैमिला और डंबो बनकर जीवंत किया



**सिटी रिपोर्टर**| वॅरिन और टर्टल्स ऑफ़ स्कूल की प्री प्राइमरी और प्राइमरी ब्रांच में वन्स अपॉन ए टाइम इनैक्टमेंट का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। स्टूडेंट्स ने परी कथाओं फाइंडिंग डोरी, कैमिला और डंबो के पत्रों को सजीव किया। स्कूल डायरेक्टर अरुण और अमित सोगानी ने कहा कि इस तरह की एक्टिविटी स्टूडेंट्स के आत्मविश्वास और रचनात्मकता को निखारने का काम करती है।

## सोशल स्टडीज ओलंपियाड में जयपुर की छात्रा ने हासिल की दूसरी रैंक



**सिटी रिपोर्टर** .| साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा एसओएफ इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड आयोजित किया गया। जिसमें जयपुर की छात्रा सिद्धिक्षा टाक ने इंटरनेशनल रैंक में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा ने जोनल रैंक और स्कूल रैंक में पहला स्थान प्राप्त किया है। सिद्धिक्षा हिंदुस्तान इंटरनेशनल अकेडमी स्कूल की छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर छात्रा को पुरस्कार में गिफ्ट्स, इंटरनेशनल सिल्वर मेडल, मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन, आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस और डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट के साथ-साथ स्टूडेंट परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रदान की गई है।

## महिलाओं के लिए रखा फ्री चेकअप




**सिटी रिपोर्टर**| चेष्टा लेडीज क्लब ने एक आईवीएफ सेंटर के साथ मिलकर महिला दिवस पर फर्टिलिटी निसंतान महिलाओं के लिए फ्री चेकअप रखा, जिसमें दंपत्तियों ने चेकअप करवाया पूर्व मेयर शील धाबाई, नीतू जैन और ममता शर्मा और संगीता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. रिचा, डॉ. गिरिराज व डॉ. ज्योति ने सभी महिलाओं को फर्टिलिटी के बारे में बारीकी से समझाया।

## कैंसर अवेयरनेस के लिए चलेगा सबसे लंबा अभियान, पोस्टर लॉन्च



**सिटी रिपोर्टर**| एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट के तत्वावधान में एब्डॉमिनल कैंसर डे 19 मई को आयोजित होने जा रहा है इसके 5वें एडिशन 'अवेयरनेस इज पावर' थीम पर आधारित 70 दिवसीय एब्डॉमिनल कैंसर जागरूकता अभियान का पोस्टर रविवार को लॉन्च किया गया। इस बीमारी में जागरूकता के लिए अब तक का यह सबसे लंबा जागरूकता अभियान है जो 21 मई तक चलेगा। इस दौरान अभियान के तहत ब्रिटिश संसद में लॉ ऑनलाइन टॉक शो, जयपुर वॉकर अवॉर्ड, अवेयरनेस मेगा शो और जयपुर एबीसीडी वॉकिंग फेस्ट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर डॉक्टर सुन्दीप जैन और जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने आज जयपुर में पोस्टर लांच के साथ कैंपेन की शुरुआत की।

